- 1971 की जनसंख्या के आधार पर मत का मूल्य निकाला जायेगा ।
- राष्ट्रपति चुनाव से संबंधित सभी विवादों की जांच व फैसले उच्चतम न्यायालय में होते है तथा उसका फैसला अंतिम होता है ।
- राष्ट्रपति के चुनाव की अधिसूचना चुनाव आयोग द्वारा दी जाती है जबकि लोकसभा व राज्यसभा के चुनाव की अधिसूचना राष्ट्रपति द्वारा जारी की जाती है ।
- राष्ट्रपति चुनाव का सम्पादन लोकसभा का मुख्य सचिव करवाता है जबकि उपराष्ट्रपति के चुनाव का सम्पादन राज्यसभा का मुख्य सचिव करवाता है ।
- राष्ट्रपति के चुनाव हेतु 50 प्रस्तावक एवं 50 अनुमोदकों की आवश्यकता होती है ।

अनुच्छेद 56 राष्ट्रपति की पदावधि :- राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति को अपने हस्ताक्षर सहित लेख द्वारा अपना पद त्याग सकेगा । परन्तु

- संविधान का अतिक्रमण करने पर राष्ट्रपति को अनुच्छेद 61 में उपबंधित रीति से चलाए गए महाभियोग द्वारा पद से हटाया जा सकेगा ।
- राष्ट्रपति अपने पद की अवधि समाप्त हो जाने पर भी तब तक पद धारण करता रहेगा जब तक उसका उत्तराधिकारी अपना पद ग्रहण नहीं कर लेता है ।

अनुच्छेद 57 पुनर्निर्वाचन के लिए पात्रता :

अनुच्छेद 58 राष्ट्रपति निर्वाचित होने के लिए अर्हताएं :-

1. वह भारत का नागरिक हो ।
2. 35 वर्ष की आयु पूरी कर चुका हो ।
3. लोकसभा का सदस्य निर्वाचित होने की योग्यता रखता हो ।

अनुच्छेद 59 राष्ट्रपति के पद के लिए शर्ते

अनुच्छेद 60 राष्ट्रपति द्वारा शपथ या प्रतिज्ञान

अनुच्छेद 61 राष्ट्रपति पर महाभियोग चलाने की प्रक्रिया

- संविधान के अतिक्रमण की स्थिति में ही महाभियोग लाया जा सकता है ।
- महाभियोग के आरोप संसद के किसी भी सदन में प्रारम्भ किये जा सकते है । उन आरोपों पर सदन के 1/4 सदस्यों (जिस सदन ने आरोप लगाए गए है) के हस्ताक्षर होने चाहिए और राष्ट्रपति को 14 दिन का नोटिस देना चाहिए ।
- USA में यह प्रस्ताव (महाभियोग की प्रक्रिया) House of Representative में ही आरम्भ हो सकती है ।
- यह प्रस्ताव सदन के कुल सदस्यों के 2/3 बहुमत से पारित किया जाना चाहिए ।

संसद

अनुच्छेद 79 संसद का गठन :– लोकसभा, राज्यसभा तथा राष्ट्रपति संयुक्त रूप से संसद कहलाती है ।



अनुच्छेद 80 राज्यसभा की संरचना :– पहले राज्यसभा को Council of States कहा जाता था लेकिन 1954 से इसका नाम राज्यसभा रखा गया ।

- राज्यसभा को उच्च सदन भी कहते हैं ।
- राज्यसभा को दूसरा सदन भी कहते हैं ।
- राज्यसभा को स्थायी सदन भी कहते हैं क्योंकि इसे भंग नहीं किया जा सकता ।
- राज्यसभा के 1/3 सदस्य हर 2 वर्ष बाद सेवानिवृत होते हैं ।
- राज्यसभा के सदस्यों का निर्वाचन अप्रत्यक्ष रूप से होता है ।
- राज्यसभा के सदस्यों का निर्वाचन राज्य विधानसभा के सदस्यों द्वारा आनुपातिक प्रतिनिधित्व पद्धति द्वारा एकल संक्रमणीय मत प्रणाली द्वारा होता है ।
- राज्यसभा के सदस्यों का कार्यकाल 6 वर्ष का होता है ।
- सबसे ज्यादा राज्यसभा सदस्य उत्तरप्रदेश (31 सदस्य) से आते हैं जबकि त्रिपुरा से 1 सदस्य आता है ।
- अनुसूची 4 में राज्यसभा सीटों का आवंटन दिया गया है ।
- राष्ट्रपति आंग्लो इंडियन के तहत 12 सदस्यों को मनोनीत करता है ।

राज्यसभा के विशेषाधिकार

- **अनुच्छेद 249 :–** राज्यसभा संसद को राज्यसूची के विषय पर कानून बनाने की अनुमति दे सकती है
- **अनुच्छेद 312 :–** राज्यसभा 2/3 बहुमत से प्रस्ताव पारित करके नयी अखिल भारतीय सेवाओं का सृजन कर सकती है ।

नोट :– वर्तमान में अखिल भारतीय सेवायें = IAS, IPS, IFS

- **अनुच्छेद 67 :–** उपराष्ट्रपति को हटाने की प्रक्रिया केवल राज्यसभा से ही आरम्भ की जा सकती है ।
- भारत का उपराष्ट्रपति राज्यसभा का पदेन सभापति होता है ।
- यह राज्यसभा की कार्यवाही के संचालन तथा सदन के अनुशासन बनाये रखने के लिए उत्तरदाई होता है ।
- सभापति राज्यसभा के नये सदस्यों को शपथ दिलाता है ।

- **अनुच्छेद 81 लोकसभा की संरचना :–**



- लोकसभा को निम्न सदन भी कहते हैं ।
- लोकसभा को लोकप्रिय सदन भी कहते हैं ।
- लोकसभा को प्रथम सदन भी कहते हैं ।
- लोकसभा को अस्थायी सदन भी कहते हैं ।
- लोकसभा के सदस्यों का निर्वाचन प्रत्यक्ष होता है । लोकसभा का कार्यकाल 5 वर्ष का होता है ।
- आपातकाल में एक बार में 1 वर्ष के लिए कार्यकाल बढाया जा सकता है ।
- सभी राज्यों को जनसंख्या के आधार पर प्रतिनिधित्व दिया जाता है । एक राज्य के अन्दर से चुने जाने वाले प्रत्येक M.P. समान जनसंख्या का प्रतिनिधित्व करते हैं ।
- सबसे बडा लोकसभा संसदीय क्षेत्र लद्दाख है ।
- सर्वाधिक लोकसभा कि सीटें उत्तरप्रदेश में है ।
- 84 वां संविधान संशोधन (2001) में अगले 25 वर्षो तक (यानी वर्ष 2026 तक) लोकसभा सीटों की संख्या निश्चित कर दी गयी । इसके तहत परिसीमन आयोग का गठन किया गया जिसके द्वारा राज्यों के अन्दर लोकसभा सीटों को पुनः व्यवस्थित किया गया । SC/ST की सीटों को भी निश्चित किया गया ।
- राष्ट्रपति 2 सदस्यों को मनोनीत करता है ।

87 वां संविधान संशोधन, 2003 :-

- SC के लिए 84 सीटों को आरक्षित किया गया ।
- ST के लिए 47 सीटों को आरक्षित किया गया ।
- SC के लिए सबसे ज्यादा सदस्य उत्तरप्रदेश से आरक्षित हैं ।
- ST के लिए सबसे ज्यादा सदस्य मध्यप्रदेश से आरक्षित हैं ।

अनुच्छेद 84 संसद की सदस्यता के लिए अर्हता

1. वह भारत का नागरिक हो ।
2. राज्यसभा में स्थान के लिए कम से कम 30 वर्ष तथा लोकसभा में स्थान के लिए कम से कम 25 वर्ष की आयु पूरी कर चुका हो ।
3. संसद के द्वारा निश्चित की गयी अर्हताओं को पूरा करता हो ।
4. उसे निर्वाचन आयोग द्वारा प्राधिकृत किसी व्यक्ति के समक्ष तीसरी अनुसूची में दिए प्रारूप के अनुसार शपथ या प्रतिज्ञान लेना चाहिए ।

पद का रिक्त होना

- यदि कोई व्यक्ति लोकसभा व राज्यसभा दोनों सदनों का सदस्य चुन लिया जाता है और 10 दिन के भीतर एक सदन की सदस्यता नहीं त्यागता है तो उसकी स्वतः ही राज्यसभा की सदस्यता समाप्त हो जाती है
- यदि एक सदन के सदस्य किसी दूसरे सदन के लिए निर्वाचित होता है तो पहले वाले सदन की सदस्यता स्वतः ही समाप्त हो जाएगी ।
- यदि कोई सदस्य दो सीटों से एक साथ चुनाव जीतता है और वह एक सीट को 14 दिन के भीतर नहीं त्यागता है तो दोनों सीटों से उम्मीदवारी समाप्त हो जाती है ।
- यदि कोई व्यक्ति राज्यविधानमंडल व संसद के दोनों सदनों के लिए सदस्यता के लिए निर्वाचित होता है तथा 14 दिन के भीतर एक सदस्यता नहीं त्यागता है तो उसकी संसद की सदस्यता समाप्त हो जाएगी

प्रोटेम स्पीकर (Protem Speaker)

- लोकसभा चुनाव के बाद नव निर्वाचित बैठक में प्रोटेम स्पीकर की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा की जाती है और उसे राष्ट्रपति ही लोकसभा के सदस्य के रूप में शपथ दिलाता है ।

अनुच्छेद 93 लोकसभा अध्यक्ष

- लोकसभा अध्यक्ष, उपाध्यक्ष के पद को आरम्भ 1919 के भारत सरकार अधिनियम के तहत किया गया था और 1921 में सर्वप्रथम लोकसभा अध्यक्ष, उपाध्यक्ष की नियुक्ति की गयी ।
- सर्वप्रथम लोकसभा अध्यक्ष बने – फ्रेडरिक व्हाइट
- सर्वप्रथम लोकसभा उपाध्यक्ष बने – सच्चिदानंद सिन्हा
- प्रथम भारतीय लोकसभा अध्यक्ष बने – विठ्ठल भाई पटेल (1925)
- लोकसभा अध्यक्ष का निर्वाचन लोकसभा सदस्यों द्वारा साधारण बहुमत (लोकसभा की कुल सदस्य संख्या के बहुमत) से किया जाता है ।
- स्वतंत्र भारत के प्रथम लोकसभाध्यक्ष जी. वी. मावलंकर थे ।

अनुच्छेद 94 लोकसभा के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष का पद रिक्त होना, पद त्याग और पद से हटाया जाना

- लोकसभा अपने कुल सदस्य संख्या के 'बहुमत' से प्रस्ताव पारित करके हटा सकती है । इस संकल्प को प्रस्तावित करने के आशय की कम से कम 14 दिन पूर्व सूचना दी जानी चाहिए ।
- लोकसभा उपाध्यक्ष का निर्वाचन साधारण बहुमत से होता है । लोकसभा उपाध्यक्ष, लोकसभा अध्यक्ष की अनुपस्थिति में उसके कर्त्तव्यों का निर्वहन करता है । जिस दौरान उपाध्यक्ष उसके कर्त्तव्यों का निर्वहन करता है जो अधिकार अध्यक्ष को प्राप्त होते है, अध्यक्ष के रूप में कार्य करते समय उपाध्यक्ष को भी प्राप्त रहेंगे अध्यक्ष के आने के पश्चात वे सभी अधिकार पुनः प्राप्त हो जायेगें ।
- लोकसभा उपाध्यक्ष, लोकसभा अध्यक्ष का अधीनस्थ नहीं होता है बल्कि वह सदन के प्रति उत्तरदायी होता है ।

राज्यसभा का सभापति अनुच्छेद 89

- देश का उपराष्ट्रपति राज्यसभा का पदेन सभापति होता है । जब उपराष्ट्रपति, राष्ट्रपति के रूप में कार्य करता है तो वह राज्यसभा के सभापति के रूप में काम नहीं करता है । राज्यसभा के सभापति को तब ही पद से हटाया जा सकता है । जब उसे उपराष्ट्रपति पद से हटा दिया जाए ।

भारतीय राज्यव्यवस्था से सम्बन्धित महत्वपूर्ण तथ्य

- भारतीय संविधान सभा का गठन कैबिनेट मिशन प्रस्तावों के अनुसार किया गया ।
- इसके गठन के लिए जुलाई – अगस्त 1946 में चुनाव हुआ ।
- 3 जून 1947 के भारत संविधान की योजना की घोषणा के बाद इसका पुनगर्ठन हुआ तथा पुनर्गठित संविधान सभा की संख्या 299 थी ।
- संविधान सभा के वैधानिक सलाहकार (Constitutional Advisor) के पद पर बी.एन. राव को नियुक्त किया गया
- 29 अगस्त 1947 को संविधान सभा ने डॉ.बी.आर अम्बेडकर की अध्यक्षता में प्रारूप समिति (Drafting Committee) का गठन किया ।
- 15 नवम्बर 1948 को संविधान के प्रारूप पर प्रथम वाचन प्रारम्भ हुआ ।
- 26 नवम्बर 1949 को संविधान के प्रारूप पर अन्तिम वाचन हुआ और इसी दिन संविधान सभा द्वारा पारित कर दिया गया ।
- 26 नवम्बर 1946 को संविधान के उन अनुच्छेदों को प्रस्तावित कर दिया गया जो नागरिकता निर्वाचन तथा अंतरिम संसद से सम्बन्धित थे ।
- संविधान सभा का अंतिम दिन 24 जनवरी 1950 था और उसी दिन संविधान पर संविधान सभा के सदस्यों द्वारा हस्ताक्षर कर दिया गया ।
- संविधान के निर्माण में 2 वर्ष 11 माह और 18 दिन का समय लगा ।
- वर्तमान में संविधान में 444 अनुच्छेद और 12 अनुसूचियाँ हैं ।
- ''पंथनिरपेक्ष'', ''समाजवाद'' तथा ''अखण्डता'' शब्द संविधान की उद्देशिका में 42 वें संशोधन के द्वारा 1976 में जोडे गये ।
- भारती की उद्देशिका में प्रयुक्त ''गणतन्त्र'' शब्द का तात्पर्य यह है कि भारत का राज्याध्यक्ष वंशानुगत (hereditary) नहीं होगा ।
- उच्चतम न्यायालय के निर्णय के अनुसार – संविधान की उद्देशिका संविधान का एक भाग है और इसमें संशोधन किया जा सकता है (केशवानंद भारती बनाम केरल – 1973 ई.) ।
- प्रो. व्हीयर ने भारत के संविधान को अर्द्धसंघीय (Quasifederal) संविधान कहा है ।
- राज्य पुनगर्ठन अधिनियम 1956 द्वारा भाषाई आधारों पर राज्यों का पुनगर्ठन किया गया ।
- भारतीय संविधान में नागरिकता शब्द को परिभाषित नहीं किया गया है तथा इसके सम्बन्ध में अनुच्छेद 5 से 11 तक में प्रावधान किया गया है ।
- संविधान के अनुसार कुछ पद केवल भारतीय नागरिकों के लिए आरक्षित हैं, जैसे – राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, उच्चतम एवं उच्च न्यायालयों के न्यायाधीश, महान्याय वादी राज्यपाल एवं महाधिवक्ता का पद ।
- संविधान के 44 वे संशोधन द्वारा सम्पति के मूलाधिकार को समाप्त करके इस अनुच्छेद 300 (क) के अन्तर्गत रखा गया है । अब यह केवल एक विधिक (Legal) अधिकार रह गया है ।
- अनु. 15,16,19,29 तथा 30 द्वारा प्रत्याभूत मूलाधिकार केवल नागरिकों को ही प्रदान किये गये हैं ।
  शेष सभी मूलाधिकार नागरिकों तथा अन्य व्यक्तियों को प्रदान की गयी हैं ।
- मूल कर्तव्यों को 42 वें संविधान संशोधन द्वारा 1976 में जोडा गया ।
- राष्ट्रपति अपने पद पर रहते हुये किसी भी कार्य के लिए न्यायालय में उत्तरदायी नहीं ठहराया जा सकता है ।
- भारत में केवल नीलम संजीवा रेड्डी ही निर्विरोध राष्ट्रपति चुने गये ।
- भारत के दो राष्ट्रपति डॉ. जाकिर हुसैन तथा फखरूद्दीन अली अहमद की अपने कार्यकाल के दौरान ही मृत्यु हुयी थी ।
- भारत के मुख्य न्यायधीश मोहम्मद हिदायतुल्लाह ने दो बार कार्यकारी राष्ट्रपति के पद का निर्वहन किया था ।
- भारत का उपराष्ट्रपति राज्यसभा का पदेन सभापति होता है तथा इसी पद के कारण उसका वेतन दिया जाता है ।
- संघ शासन की वास्तविक शक्ति केन्द्रीय मंत्रिमंडल में निहित होती है , जिसका प्रधान प्रधानमंत्री होता है।
- प्रधानमंत्री का यह कर्तव्य यह है कि संघ के शासन की जानकारी राष्ट्रपति को दे ।
- प्रधानमंत्री लोकसभा के बहुमत दल का नेता होता है ।
- केन्द्रीय मंत्रिपरिषद लोकसभा के प्रति सामुहिक रूप से उत्तरदायी होती है ।
- संसद के तीन अंग होते हैं – लोकसभा, राज्यसभा, और राष्ट्रपति ।
- सरकार के तीन अंग होते हैं – विधायिका, कार्यपालिकाा और न्यायपालिका ।

- राज्यसभा का गठन 3 अप्रैल 1952 को हुआ और इसकी पहली बैठक 13 मई 1952 को हुयी ।
- राज्यसभा के सदस्यों के पहले समूह की सेवा निवृति
  2 अप्रैल 1954 को हुयी ।
- लोकसभा के परिक्षेत्र का परिसीमन आयोग द्वारा किया
  जाता है ।
- प्रथम लोकसभा की पहली बैठक 13 मई 1952 को हुई और 4 अप्रैल 1957 को पहली लोकसभा राष्ट्रपति द्वारा विघटित कर दी गयी ।
- राज्यसभा तथा लोकसभा के संयुक्त अधिवेशन की अध्यक्षता लोकसभा अध्यक्ष करता है ।
- लोकसभा के प्रथम अध्यक्ष गणेश वासुदेव मावलंकर थे । पं. जवाहर लाल नेहरू ने इन्हें संसद का पिता या जनक कहा था ।
- संयुक्त संसदीय समिति में लोकसभा को दो तिहायी तथा राज्यसभा के एक तिहायी सदस्य होते है ।
- धन विधेयक केवल लोकसभा में पेश किया जा सकता है
- धन विधेयक के सम्बन्ध में राज्यसभा को केवल सिफारिशी अधिकार है ।
- राज्यपाल विधान मंडल के सत्रावसान काल में अध्यादेश जारी कर सकता है । यह अध्यादेश 6 माह तक प्रभावी रहता है ।
- राज्यों की मंत्रिपरिषद सामुहिक रूप से विधानसभा के प्रति उत्तरदायी होती है तथा प्रत्येक मंत्री व्यक्तिगत रूप से राज्यपाल के प्रति उत्तरदायी होता है ।
- राज्य विधानमंडल में राज्यपाल तथा विधानसभा और विधान परिषद शामिल होता है ।
- राज्य के विधानसभा के सदस्यों की अधिकतम संख्या 500 और न्यूनतम संख्या 60 होगी ।
- विधानसभा की गणपूर्ति संख्या कुल सदस्यों का 1/10 है परन्तु यह किसी भी दशा में 10 सदस्यय से कम नहीं होगी ।
- संविधान के अनुच्छेद 370 द्वारा जम्मू कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा दिया गया है ।
- जम्मू-कश्मीर राज्य विधानसभा में दो महिलाओं को राज्यपाल नामजद करते है ।
- राष्ट्रपति जम्मू-कश्मीर के सम्बन्ध में वित्तीय आपात की घोषणा नहीं कर सकते ।
- राज्य के नीति-निर्देशक तत्वों से सम्बन्धित संविधान के भाग 4 के प्रावधान जम्मू-कश्मीर राज्य के विषय में लागू नहीं होते है ।
- जम्मू - कश्मीर राज्य का अपना संविधान है, जो एक पृथक संविधान सभा द्वारा बनाया गया है और यह संविधान 26 नवम्बर 1957 को लागू कर दिया गया ।
- भारत में केवल दो संघ शासित राज्यों में विधान सभायें है - दिल्ली और पांडिचेरी ।
- भारत में उच्च न्यायालय की संख्या 21 है ।
- देश में छः ऐसे राज्य है जहाँ पर विधान परिषदों का गठन किया गया है -
  1. उत्तर प्रदेश
  2. बिहार
  3. महाराष्ट्र
  4. कर्नाटक
  5. जम्मू कश्मीर(अब नही)
  6. आन्ध्र प्रदेश ।
- 4 अप्रैल, 2007 को आन्ध्र प्रदेश में पुनः विधानपरिषद का गठन किया गया ।
- राष्ट्रपति प्रत्येक पाँचवे वर्ष वित्त आयोग का गठन करता है ।
- प्रथम वित्त आयोग का गठन 1951 में किया गया था ।
- भारतीय संविधान के प्रवर्तित होने के बाद पहली बार राष्ट्रपति शासन पंजाब में लागू किया गया ।
- संविधान सभा के 284 सदस्यों ने संविधान पर हस्ताक्षर किये ।
- जब भारत आजाद हुआ तो उस समय ब्रिटेन के प्रधानमंत्री क्लामेंट एटली थे ।
- जब भारत आजाद हुआ तो उसक समय कांग्रेस केअध्यक्ष डे.पी. कृपलानी थे ।
- 15 अगस्त, 1947 से 26 जनवरी 1950 के मध्य भारत - ब्रिटिश राष्ट्रकुल का एक अधिराज था ।
- भारतीय संविधान 22 भागों में विभाजित किया गया है।
- भारतीय संविधान के प्रस्तावना के अनुसार भारत की शासन की सर्वोच्च सत्ता भारतीय जनता में निहित है ।
- भारतीय संविधान द्वारा प्रदत्त मौलिक अधिकारों के स्थगन सम्बन्धी कार्यपालिका के अधिकारों को जर्मनी के संविधान से लिया गया है ।
- भारत संविधान संशोधन की प्रक्रिया दक्षिण अफ्रीका के संविधान से ली गयी है ।
- राज्य पुर्नगठन अधिनियम 1956 में पारित किया गया इसके अध्यक्ष फजल अली थे ।
- संविधान में प्रेस की स्वतंत्रता का अलग से प्रबन्ध नहीं किया गया है । यह अनुच्छेद 19 (1) A से अंर्तनिहित है ।
- डॉ. बी.आर. अम्बेडकर ने सवैधानिक उपचारों के अधिकार को संविधान का हृदय व आत्मा कहा है ।

- 42 वें संविधान संशोधन द्वारा संविधान में मूल कर्तव्यों को शामिल किया गया है । इन्हें संविधान के भाग IV ए और अनुच्छेद 51 ए में शामिल किया गया है ।
- राष्ट्रीय आपात की स्थिति में मौलिक अधिकारों का हनन हो जाता है ।
- संविधान में 10 मौलिक कर्तव्यों का वर्णन किया गया है । मूल कर्तव्य (अनु. 51 क) को 42 वें संविधान संशोधन 1976 में जोडा गया ।
- 86 वें संविधान संशोधन द्वारा एक मूल कर्तव्य और जोडा गया जिससे इसकी संख्या अब ग्यारह हो गई
- ''राज्य का नीति निर्देशक तत्व एक ऐसा चेक है जो बैंक की सुविधानुसार अदा किया जाएगा'' – के. टी. शाह
- संविधान में नीति निर्देशक तत्वों को शामिल करने का उद्देश्य सामाजिक लोकतंत्र की स्थापना करना था ।
- पहला सवैंधानिक संशोधन 1951 में बनाया गया ।
- 42 वें संविधान संशोधन को लघु संविधान कहा जाता है ।
- 42 वें संविधान अधिनियम स्वर्ण सिंह समिति की रिपोर्ट के आधार पर तैयार किया गया था ।
- 52 वें संविधान संशोधन विधेयक 1985 दल–बदल से सम्बन्धित था ।
- भारतीय संविधान में सर्वाधिक बार संशोधन प्रधानमंत्री इन्दिरा गांधी के कार्यकाल में हुये ।
- भारत का राष्ट्रपति राष्ट्र का प्रमुख है । शासन का प्रमुख मंत्रिपरिषद और प्रधानमंत्री होता है ।
- भारतीय संविधान के अनुसार केन्द्र की कार्यपालिका शक्ति राष्ट्रपति में निहित होता है ।
- राष्ट्रपति के वेतन एवं भत्ते आयकर मुक्त है ।
- राष्ट्रपति के पद के रिक्त होने से 6 माह के भीतर अगले राष्ट्रपति का चुनाव हो जाना चाहिए ।
- 1952 में राष्ट्रपति के निर्वाचन के समय विपक्षी दलों का उम्मीदवार श्री के.टी. शाह थे ।
- राष्ट्रपति पद पर सर्वाधिक समय तक रहने वाले डॉ. राजेन्द्र प्रसाद थे एवं सबसे कम समय तक रहने वाले डॉ. जाकिर हुसैन थे ।
- राष्ट्रपति पद पर सबसे कम उम्र का राष्ट्रपति बनने का सौभाग्य नीलम संजीव रेड्डी को प्राप्त हुआ तथा सबसे अधिक उम्र के.आर. वेंकट रमन राष्ट्रपति बने
- किस कार्यवाहक राष्ट्रपति ने त्यागपत्र देकर चुनाव लडा और विजयी हुआ – वी.वी. गिरी ।
- नीलम संजीव रेड्डी राष्ट्रपति बनने से पूर्व लोक सभा अध्यक्ष रह चुके थे ।
- भारत के राष्ट्रपति की संवैधानिक स्थिति ब्रिटेन की महारानी से मिलती जुलती है ।
- संविधान के अनुच्छेद 123 के अर्न्तगत राष्ट्रपति अध्यादेश जारी करता है ।
- राष्ट्रपति द्वारा जारी अध्यादेश संसद का सभा प्रारम्भ होने के 6 सप्ताह तक प्रभावी रहता है ।
- राष्ट्रपति द्वारा आपात काल की उद्घोषणा के 30 दिन के भीतर संसद की स्वीकृति आवश्यक होता है ।
- संसद के दोनों सदनों द्वारा अनुमोदन होने के 6 माह बाद तक आपात काल प्रभावी रहता है ।
- आपात काल के दौरन संसद लोकसभा का कार्यकाल एक वर्ष बढा सकती है ।
- 42 वें संविधान संशोधन द्वारा आपात काल की अवधि को 6 माह से बढा कर एक वर्ष कर दिया गया है
- हिन्दू आचार संहिता विधेयक को लेकर प्रधानमंत्री को डॉ. राजेन्द्र प्रसाद से विवाद हुआ था ।
- भारत के उपराष्ट्रपति की तुलना संयुक्त राज्य अमेरिका के उपराष्ट्रपति से की जा सकती है ।
- सर्वाधिक समय तक उपराष्ट्रपति रहने का गौरव डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को है ।
- मन्त्री परिषद का कोई सदस्य बिना किसी सदन का सदस्य रहे 6 माह तक मन्त्री का पद धारण कर सकता है ।
- मन्त्री परिषद में तीन स्तर के मन्त्री होते हैं –
  1. केबिनेट, 2. राज्य, 3. उपमंत्री
- सामूहिक रूप से मन्त्री परिषद लोकसभा के प्रति उत्तरदायी होता है ।
- प्रधानमंत्री पद पर सबसे कम समय तक रहने वाले अटल बिहारी बाजपेयी थे (13 दिन) ।
- दो बार कार्यकारी प्रधानमंत्री के रूप में पद संभालने वाले व्यक्ति गुलजारी लाल नन्दा थे ।
- सबसे कम उम्र में भारत का प्रधानमंत्री राजीव गांधी बने और सबसे अधिक उम्र में मोरार जी देसाई ।
- भारत के पहले उप प्रधानमंत्री सरदार पटेल थे ।
- संघीय मंत्री परिषद से त्यागपत्र देने वाले पहले मंत्री श्यामा प्रसाद मुखर्जी थे ।
- सबसे कम अवधि (5 दिन) तक मंत्री रहने का कीर्तिमान एच.आर. खन्ना के नाम है । वह विधि विभाग के मंत्री थे ।
- भारत की सम्परीक्षा और लेखा प्रणालियों का प्रधान नियन्त्रक एवं महालेखा परीक्षक (Controller and Auditor General of India) होता है ।
- नियन्त्रक अपनी रिपोर्ट राष्ट्रपति को प्रस्तुत करता है ।
- लोक सभा संसद का निम्न सदनों (लोर हाउस) तथा राज्य सभा उच्च सदन (अपर हाउस) है ।
- वर्तमान में लोक सभा के सदस्यों की संख्या 545 तथा राज्य सभा के सदस्यों की संख्या 245 है ।

अर्थव्यवस्था के क्षेत्र से सम्बन्धित अन्य महत्वपूर्ण तथ्य

उद्योग क्षेत्र :-

- भारत की राष्ट्रीय आय का लगभग 25% भाग उद्योग क्षेत्र से आता है ।
- भारत की जनसंख्या का लगभग 25% भाग रोजगार के लिए उद्योगों पर निर्भर है ।
- उद्योगों को निम्न श्रेणी में बांटा जाता है-

(1) कुटीर उद्योग
(2) ग्रामीण उद्योग
(3) सूक्ष्म उद्योग
(4) लघू उद्योग
(5) मध्यम उद्योग
(6) वृहत् उद्योग

सूक्ष्म, लघू व मध्यम उद्योगों को MSME के नाम से जाना जाता है ।

1. पहली औद्योगिक नीति :-

- यह नीति 1948 में जारी की गई ।
- यह नीति डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी द्वारा जारी की गई ।
- इस नीति में मिश्रित अर्थव्यवस्था को अपनाया गया ।

(1) A श्रेणी
(2) B श्रेणी
(3) C श्रेणी
(4) D श्रेणी

2. दूसरी औद्योगिक नीति :-

- यह नीति 1956 में जारी की गई ।
- यह नीति पी. सी. महालनोबिस मॉडल पर आधारित थी ।
- इस नीति द्वारा भी मिश्रित अर्थव्यवस्था को अपनाया गया ।

3. तीसरी औद्योगिक नीति :-

- इसे डॉ. मनमोहन सिंह द्वारा जारी किया गया ।
- सरकार द्वारा केवल तीन उद्योग सार्वजनिक क्षेत्र के लिए रखे गये ।
  (1) परमाणु ऊर्जा (2) परमाणु खनिज (3) रेलवे
- शेष सभी उद्योग निजी क्षेत्र के लिए खोल दिये गये केवल संवेदनशील उद्योगों के लिए लाइसेंस की अनिवार्यता रखी गयी । उदा.- सिगरेट, बीडी, तम्बाकू, एल्कोहल, विस्फोटक आदि
- MRTP अधिनियम को समाप्त करके भारतीय प्रतिस्पर्धा लागू की गई ।
- भारत में विदेशी निवेश की अनुमति दी गई ।
- भारत में LPG सुधारों को अपनाया गया ।
- विद्यमान सार्वजनिक उद्योगों में निजीकरण के लिए विनिवेश को अपनाया गया ।

विनिवेश

- सरकार द्वारा किसी सार्वजनिक कंपनी में अपनी हिस्सेदारी बेचना या अपने समता अंशो को बेचना विनिवेश कहलाता है ।
- सामान्यतः निजीकरण को बढावा देने के लिए विनिवेश किया जाता है ।
- विनिवेश से सरकारी सम्पत्तियों से कमी आती है ।
- विनिवेश के कारण सरकार को गैर पूंजीगत प्राप्ति होती है ।

कृषि क्षेत्र

- ऐतिहासिक रूप से भारत एक कृषि प्रधान देश रहा है ।
- आजादी के बाद उद्योग और सेवा क्षेत्र में अत्यधिक तेजी से विकास हुआ । जबकि तुलनात्मक रूप से कृषि में उतनी तीव्रता से विकास नहीं हो पाया ।
- वर्तमान में राष्ट्रीय आय का लगभग 16 से 17% कृषि क्षेत्र से आता है जबकि आज भी भारत की आधी से अधिक आबादी रोजगार के लिए कृषि पर आधारित है ।

भारत में कृषि क्षेत्र की समस्याएँ :-

1. कृषि भूमि का आकार लगातार कम हो रहा है :-
2. भू-अभिलेखों में अस्पष्टता पाई जाती है :-
3. सिंचाई की समस्या कृषि भूमि का मात्र 35-36% भाग ही सिंचित है :-
4. प्रमाणित बीज का अभाव :-
5. उर्वरक :-

6. आधुनिक मशीनों का अभाव :-
7. वैज्ञानिक अनुसंधान :-
8. खाद्य प्रसंस्करण :-
9. कृषि विपणन :-
10. कृषि बीमा :-
11. वैज्ञानिक/तकनीकी सलाह का अभाव
12. कृषि वित्त की समस्या

राष्ट्रीय आय

- किसी देश में होने वाली सभी आर्थिक गतिविधियों का योग राष्ट्रीय आय कहलाता है अर्थात अर्थव्यवस्था के सभी क्षेत्रों की आय का योग राष्ट्रीय आय कहलाता है ।
- भारत में राष्ट्रीय आय की गणना CSO द्वारा की जाती है ।
- राष्ट्रीय आय के लिए आकडों का संकलन NSSO & CSO द्वारा किया जाता है ।
- यह दोनों संस्थाएँ MOSPI के अन्तर्गत कार्य करती है ।
  (1) MOSPI = Ministry of Statistics & Program Implementation (सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय)
  NSSO = National Sample Survey
- NSSO ग्रामीण क्षेत्र, कृषि क्षेत्र और असंगठित क्षेत्र के आकडे एकत्रित करता है ।
- CSO संगठित क्षेत्र, उद्योग क्षेत्र, शहरी क्षेत्र आदि के आकडे एकत्रित करता है ।
- उपरोक्त के अतिरिक्त कर विभाग के आकडे जैसे- GST के आकडे भी लिये जाते है ।
- अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर राष्ट्रीय आय की गणना करने के लिए तीन विधियों का उपयोग किया जाता है-
  (1) आय विधि
  (2) व्यय विधि
  (3) उत्पादन विधि
- भारत में मिश्रित विधि का उपयोग किया जाता है ।
- कृषि और उद्योग क्षेत्र के लिए उत्पादन विधि का उपयोग किया जाता है ।
- सेवा क्षेत्र के लिए आय विधि का प्रयोग किया जाता है ।
- भारत व्यय विधि का उपयोग नहीं करता है ।
- राष्ट्रीय आय की गणना चार मूल्यों पर आधारित होती है ।

(1) कारक लागत

(2) बाजार मूल्य- वह मूल्य जिस पर अंतिम उपभोक्ता द्वारा वस्तुएँ खरीदी जाती है । इसे वर्तमान मूल्य भी कहा जाता है ।

(3) आधार मूल्य-
- राष्ट्रीय आय की तुलना के लिए किसी एक वर्ष को आधार वर्ष माना जाता है ।
- भारत में 2011-12 को आधार वर्ष घोषित किया गया है ।
- किसी वस्तु का आधार वर्ष का मूल्य आधार मूल्य कहलाता है ।

(4) स्थिर मूल्य-
- यदि बाजार मूल्य में से मुद्रास्फीति का प्रभाव हटा दिया जाये तो वह स्थिर मूल्य कहलाता है ।
- राष्ट्रीय आय की गणना के लिए निम्न अवधारणाएँ प्रचलित है- GDP, GNP, NDP, NNP

सकल घरेलू उत्पाद **(GDP)** :- एक वित्त में किसी देश के निवासियों द्वारा देश की आर्थिक सीमा में उत्पादित अंतिम वस्तु और सेवाओं का मौद्रिक मूल्य GDP कहलाता है ।

वित्त वर्ष :-
- 1 अप्रैल से लेकर 31 मार्च तक 12 महीने की अवधि वित्त वर्ष कहलाती है ।
- वित्त वर्ष को परिवर्तित करने की संभावना ढूंढने के लिए निम्न कमेटियों का गठन किया गया
  (1) बेल्बी आयोग
  (2) L. K. JHA समिति
  (3) दार्निश वाचा समिति
  (4) शंकर आचार्य समिति (हाल ही में निर्मित)

अंतिम वस्तु एवं सेवा-
- उत्पादन प्रक्रिया से बाहर आने वाली वस्तुएं दो प्रकार की होती है ।

(1) मध्यस्थ वस्तुएं– ऐसी वस्तुएं जो किसी अन्य वस्तु के उत्पादन के लिए कच्चे माल के रूप में काम में ली जाती है, मध्यस्थ वस्तुएं कहलाती है। अर्थात यह वस्तुएं अंतिम उपभोक्ता द्वारा उपभोग में नहीं ली जाती जैसे– कार का इंजन

(2) अंतिम वस्तुएं – ऐसी वस्तुएं जिनका उपभोग अंतिम उपभोक्ता द्वारा किया जाता है अर्थात इनमें उत्पादन की प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी होती है और उत्पादन संभव नहीं होता है । जैसे– कार

- दोहरी गणना से बचने के लिए मध्यस्थ वस्तुओं को छोड दिया जाता है और केवल अंतिम वस्तुओं को लिया जाता है ।
- भारत की GDP गणना अंतर्राष्ट्रीय प्रचलन के अनुरूप बनाने के लिए इसे GVA (सकल मूल्य संवर्द्धन) आधारित बनाया गया ।
  (1) GVA_{fc} = Rent + Interest + Wages + Profit
  (2) GVA_{bp} = GVA_{fc}+ उत्पादन कर – उत्पादन Subsidy
  (3) GDP_{mp} = GVA_{bp}+ उत्पाद कर – उत्पाद Subsidy
- वह मूल्य जिस पर सरकार द्वारा अंतिम उपभोक्ता से कर वसूले जाते है, आधार मूल्य कहलाता है ।

शुद्ध घरेलू उत्पाद (NDP) :-

- सकल घरेलू उत्पाद (GDP) में से मूल्य ह्रास घटाकर इसकी गणना की जाती है।
- विभिन्न देशों में मूल्य ह्रास गणना अलग–अलग विधियों से की जाती है । इसलिए NDP का आधार प्रत्येक देश में समान नहीं होता ।
- इस कारण NDP का उपयोग घरेलू उद्देश्यों के लिए किया जाता है ।

  NDP_{mp} = GDP_{mp} – Dep. (मूल्य ह्रास)

मूल्य ह्रास :– उत्पादन प्रक्रिया के दौरान, उत्पादन में प्रयोग में ली गई सम्पत्तियों व मशीनों में घिसावट होती है, इस कारण इनके मूल्य में आयी कमी मूल्य ह्रास कहलाती है ।

सकल राष्ट्रीय उत्पाद (GNP) :- एक वित्त वर्ष के दौरान देश के सभी नागरिकों द्वारा उत्पादित अंतिम वस्तुओं व सेवाओं का मौद्रिक मूल्य GNP कहलाता है ।

(1) GNP_{mp} = GDP_{mp} + Net factor Income from abroad (NFIFA)
(2) NFIFA = Income of Indian Citizen outside India – Income earned by foreigner in India

शुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद (NNP) :-

- इसकी गणना के लिए GNP में से मूल्य ह्रास को घटाया जाता है ।
- भारत में कारक लागत पर NNP को राष्ट्रीय आय माना जाता है ।
- बाजार मूल्य/वर्तमान मूल्य पर राष्ट्रीय आय को शुद्ध राष्ट्रीय आय (NNI) कहा जाता है ।
- NNP_{mp} = GNP_{mp} – Dep.(मूल्य ह्रास)
- NNP_{fc} = NNP_{mp} – अप्रत्यक्ष कर + सब्सिडी
- प्रति व्यक्ति आय = $\frac{\text{राष्ट्रीय आय}}{\text{जनसंख्या}}$ $\frac{NNP_{fc}}{\text{जनसंख्या}}$
- GDP_{cp} = GDP_{mp} – मुद्रास्फीति (CP = -स्थिर मूल्य)
- GDP_{cp} को वास्तविक GDP भी कहा जाता है ।
- बाजार मूल्य पर GDP को Nominal GDP भी कहा जाता है ।
- GDP Deflator = $\frac{\text{Nomial GDP}}{\text{Real GDP}} / \frac{\text{GDPmp}}{\text{GDPcp}}$